






# प्रभारी मंत्री ने कृषि रथों को दिखाई हरी झंडी

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 11 जनवरी।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर से तीन कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया, एसडीएम गगन सिंह मीणा, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया एवं गोपाल आचार्य, भाजपा जिला महामंत्री संजय अकोदिया, किसान संघ प्रतिनिधि नरेन्द्र चौधरी, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया, सहायक संचालक मुनेश शाक्य, कृषि विकास अधिकारी अरूण शाक्य आदि उपस्थित थे।

**कृषि वर्ष के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित**

उल्लेखनीय है कि कृषि वर्ष के उपलक्ष्य में जिले के तीनो विकासखण्ड के ग्रामों में कृषि रथ संचालन कर किसानों को कृषि की नवीन एवं उन्नत तकनीकी की जानकारी के साथ ही कृषि वैज्ञानिकों द्वारा समसामयिक फसलों, कीट निदान, जैविक एवं प्राकृतिक खेती आदि के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी। इस दल में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं कृषि विज्ञान केन्द्र बडौदा के अधिकारी शामिल रहेंगे। प्रत्येक विकासखण्ड के लिए अलग-अलग रथ संचालित किये जा रहे है।

**जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढाएं : शुक्ला** - नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि जैविक एवं प्राकृतिक खेती के रकबे को बढाया जायें, सभी किसान भाई जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने की दिशा में आगे बढे, वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया एवं गोपाल आचार्य, भाजपा जिला महामंत्री संजय अकोदिया, किसान संघ प्रतिनिधि नरेन्द्र चौधरी, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया, सहायक संचालक मुनेश शाक्य, कृषि विकास अधिकारी अरूण शाक्य सहित किसान बंधु उपस्थित थे।

जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित कृषि वर्ष के शुभारंभ अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया।

### कृषि उत्पादन में अग्रणी है प्रदेश

प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की सरकार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मना रही है, इसके अंतर्गत प्रदेशभर में कृषि विकास के कार्य किये जायेगे तथा किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती से जोडने की दिशा में नवाचार किये जायेगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि उत्पादन में अग्रणी प्रदेश है। किसान उद्यानिकी फसलों को अपनाते हुए आधुनिक खेती की ओर बढे, इसके लिए उन्हें संसाधन उपलब्ध कराये जायेगे।



# कवित्त रामायण को मिला विद्योतमा साहित्य विभूषण सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**सबलगढ़, 11 जनवरी।** चंबल क्षेत्र के महाकवि राजवीर सिकरवार की कृति 'कवित्त रामायण' को नासिक (महाराष्ट्र) की प्रतिष्ठित संस्था विद्योतमा फाउंडेशन द्वारा 11111/ रुपए प्रमाण पत्र और अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।संस्था द्वारा वर्ष 2025 में देश और विदेशों से कवियों द्वारा लिखित पुस्तकें आमंत्रित की गई थी। हजारों कृतियों में कवित्त रामायण को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ तथा प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। 11 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में श्री दवे साहब तथा मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक डॉक्टर नीलाभ तिवारी जी उपस्थित रहे।

संस्था के अध्यक्ष सुबोध मिश्र द्वारा आगंतुक कवियों का भोजन और आवास के साथ बहुत ही स्वागत सत्कार किया। राजवीर सिकरवार जी के ग्रंथ को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर शहर के गणमान्य व्यक्ति, पत्रकार बंधु एवं उनके कई मित्रों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

### गोपाल सोनी म प्र श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष बने



**सबलगढ़, 11 जनवरी।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष श्री शलभ भदौरिया के आदेश पर प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार दुबे प्रदेश अनुशासन समिति के सह संयोजक एवं जिला प्रभारी राधाकृष्ण सिंघल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमर सिंह जादौन एवं संभागीय अध्यक्ष सतेंद्र परमार की सहमति पर इकाई के प्रांतीय महासचिव सत्यनारायण वैष्णव द्वारा सबलगढ़ जिला इकाई के अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ पत्रकार गोपाल सोनी को एवं महासचिव पद पर राघवेंद्र भदौरिया नियुक्त किया गया है गोपाल सोनी ने अपनी नियुक्ति पर प्रांतीय अध्यक्ष श्री शलभ भदौरिया एवं वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद गोपाल सोनी ने कहा है कि में सदैव श्रमजीवी पत्रकार संघ के साथियों के साथ संगठन के हित में सदैव पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करता रहूंगा।

## एक नजर में




### बगवाज में आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**श्योपुर, 11 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा बगवाज शीतला का सहराना में शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि आयोजित शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ ब्रजलता मांझी एवं रामलखन नागर द्वारा 30 महिला एवं 26 पुरूष सहित 56 रोगियों की जांच कर उनका उपचार किया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं का परीक्षण कर उन्हें आयुर्वेद आहार विहार एवं दिनचर्या के बारे में बताया एवं अन्य लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती जानकी बाई, योग प्रशिक्षक अजय मांझी, योगेश शर्मा आदि उपस्थित रहे ल।

### कृषि रथ संचालन का शुभारंभ

**श्योपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्यं में 11 जनवरी को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से कृषि रथ संचालन का शुभारंभ किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रात 11 .30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष श्योपुर में आयोजित होगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा जिले के तीनो विकासखण्डों में एक-एक रथ के संचालन का शुभारंभ किया जाएगा। इन रथों के लिए तकनीकी दलों का गठन किया गया है। यह रथ विकासखण्ड की सभी पंचायतों में रूटचार्ट अनुसार भ्रमण करेंगे। इन कृषि रथो के माध्यम से जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का प्रचार-प्रसार, एकीकृत पोषक तत्वो, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढावा देना, विभागीय कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्ययवस्था, पराली प्रबंधन आदि विषयों के संबंध में किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क स्थापित किया जाएगा एवं कृषकों को तकनीकी जानकारी व योजनाओं से अवगत कराया जाएगा।

# जीरामजी से ग्रामीण भारत को मिलेगा नया आयाम : प्रभारी मंत्री





**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 11 जनवरी।** विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जीराम जी के माध्यम से ग्रामीण भारत को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। यह बात नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने श्योपुर के आरआर रिसोर्ट में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, गोपाल आचार्य एवं अशोक गर्ग, भाजपा जिला महामंत्री संजय अकोदिया आदि मौजूद रहें।

प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि इस कानून का उद्देश्य हर गरीब को रोजगार उपलब्ध कराना और उसकी गरिमा का सम्मान सुनिश्चित करना है। गरीब, जनजातीय और पिछड़े वर्ग के लोगों को रोजगार देने के लिए यह कानून लाया गया है, जो विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप है। यह बिल महात्मा गांधी जी की भावना और रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है।

उन्होंने कहा कि नई योजना के तहत हर ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। वहीं वन क्षेत्रों में कार्यरत एसटी श्रमिकों को अतिरिक्त 25 दिन का रोजगार प्रदान किया जाएगा। काम के दिन बढ़ने के साथ-साथ मजदूरों को मजदूरी का भुगतान भी पहले और नियमित रूप से मिलेगा।

प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि मनरेगा पर सबसे अधिक खर्च प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने किया है। अब तक मनरेगा पर कुल 11.74 लाख करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, जिसमें से 8.53 लाख करोड़ रुपये मोदी सरकार के कार्यकाल में व्यय किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में शुरू हुई मनरेगा उस समय की जरूरतों के अनुसार थी, लेकिन आज ग्रामीण भारत की परिस्थितियाँ बदल चुकी हैं। 2011-12 में ग्रामीण गरीबी जहाँ 25.7 प्रतिशत थी, वह 2023-24 में घटकर 4.86 प्रतिशत रह गई है। बेहतर कनेक्टिविटी और आजीविका में विविधता के चलते अब पुराने मॉडल को 2025 की आवश्यकताओं के अनुरूप पुर्नगठित करना आवश्यक हो गया था। नई जी राम जी योजना में पारदर्शिता और जवाबदेही पर विशेष जोर दिया गया है। अब रियल-टाइम डेटा अपलोड, जीपीएस और मोबाइल मॉनिटरिंग तथा एआई आधारित फ्रॉड डिटेक्शन सिस्टम लागू किया जाएगा, जिससे सही लाभार्थियों को लाभ मिलेगा।

प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला ने बताया कि इस कानून का फोकस चार प्रमुख प्राथमिकताओं पर है, जिनमें जल संबंधी कार्य, कोर ग्रामीण बुनियादी ढांचे का निर्माण, आजीविका से जुड़ा बुनियादी ढांचा, खराब मौसम से कार्य बाधा को कम करना शामिल है।

उन्होंने यह भी बताया कि बुआई और कटाई के मौसम में 60 दिन तक कार्य बंद रखने का प्रावधान किया गया है, ताकि कृषि कार्यों के दौरान मजदूरों की कमी न हो। साथ ही, मनरेगा के विपरीत इस योजना में साप्ताहिक भुगतान का प्रावधान किया गया है।

# भगवान शिव एवं द्वारिकाधीश के जयकारों के बीच तीर्थ यात्री रवाना



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 11 जनवरी।** धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आज श्योपुर जिले से 200 तीर्थ यात्री द्वारिका एवं सोमनाथ की 7 दिवसीय तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए। श्री रामतलाई हनुमान मंदिर पर आयोजित धर्ममयी कार्यक्रम के बीच भगवान शिव एवं भगवान द्वारिकाधीश के जयकारो के साथ इस यात्रा को रवाना किया गया। इस अवसर पर तीर्थ यात्रियों का माल्यार्पण कर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया एवं कैलाशनारायण गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, सुजीत गर्ग, तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा सहित बडी संख्या में तीर्थ यात्रियों के परिजन उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार यात्रा दल के साथ अनुरक्षक के रूप में 4 अधिकारी एवं कर्मचारी भी भेजे गये है, इनमें नायब तहसीलदार श्री दर्शनलाल बौद्ध मोबाइल नंबर 6263343911, अमित माहौर सहायक ग्रेड-3 मोबाइल नंबर 9669809675, दिनेश सोनी सहायक सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर मोबाइल नंबर 9977125870 एवं सत्यनारायण सेन कैम्प अटेंडर मोबाइल नंबर 9753677043 को सहायक के रूप में नियुक्त किया गया है।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन आज

**श्योपुर, 11 जनवरी।** स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाये जाने के अवसर पर 12 जनवरी को सामुहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जायेगा।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में 12 जनवरी को सामुहिक सूर्य नमस्कार का जिला स्तरीय आयोजन शिवपुरी रोड स्थित नगरपालिका के ऑडिटोरियम में प्रात: 09 बजे से होगा।



# भाजपा की बैठक आयोजित

**विजयपुर, 11 जनवरी।** विजयपुर जिसमें ड्राप्ट बोटर लिस्ट का अध्यन कर छूटे हुए नामों व ,नए 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नामों को जुड़वाने व कोई त्रुटि हो तो उसे सुधरवाने आदि के लिए बूथ स्तर पर अभियान चलाने का विचार विमर्श किया साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को संघठन ऐप डाउनलोड करने की अपील की। जिसमें मंडल अध्यक्ष जगदीश धाकड़ मंडल महामंत्री नंदकिशोर अनंत ,शक्तिकेन्द्र प्रभारी गिर्राज शर्मा, तारासिंह धाकड़, मोहनलाल धाकड़ ,महेंद्र यादव व बूथों के बीएलए 2 आदि सामिल हुए।

**स्वच्छ जल अभियान का शुभारम्भ**

# जल स्वच्छता, जल संरक्षण एवं जल सुनवाई पर करें फोकस : सीएम

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 11 जनवरी।** स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत जल सुरक्षा, जल संरक्षण एवं जल सुनवाई कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर के कलेक्टरों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन तक स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

**मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को दिए सख्त निर्देश**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल सुरक्षा के तहत दूषित जल के मिश्रण को पूरी तरह रोका जाए तथा प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ पानी पहुँचे। इसके लिए जल स्त्रोतों पर नियमित क्लोरीनेशन किया जाए एवं पेयजल संबंधी शिकायतों का गंभीरता से निराकरण किया जाए। उन्होंने पानी की टंकियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।




मुख्यमंत्री ने बताया कि पेयजल व्यवस्था की जियो-मैपिंग सर्वे के माध्यम से की जाएगी, जिसमें अमृत रेखा ऐप का उपयोग किया जाएगा। इससे लीकेज, जल अपव्यय एवं अन्य तकनीकी समस्याओं की जानकारी तत्काल प्राप्त हो सकेगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि हर वार्ड में उपभोक्ताओं की उपस्थिति में जल की गुणवत्ता की जांच कराई जाए, ताकि आमजन में विश्वास बढ़े। जांच रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराई जाए एवं यदि जल दूषित पाया जाए तो तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल सुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याएं सुनी जाएं, प्रत्येक वार्ड में प्रभारी अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पष्ट किया कि यह अभियान 31 मई तक चलेगा और इसे ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में समान गंभीरता से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पेयजल व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उचित प्रशिक्षण कराया जाए तथा पंचायत एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जाए, जिससे अभियान प्रभावी रूप से सफल हो सके।

इस दौरान एनआईसी कक्ष श्योपुर में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद, नगरपरिषद बडौदा अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सुमन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विजयपुर नगर परिषद का नहीं है सफाई व्यवस्था पर ध्यान

**नवभारत न्यूज**

**विजयपुर, 11 जनवरी।** विजयपुर नगर परिषद को स्वक्षता अभियान के तहत शासन ने लाखों रूपये दिये पर नगर परिषद के मुखियाओं ने उस राषी को फर्जी तरीके से कागजों में खर्च कर दिए सफाई व्यवस्था में परिवर्तन नहीं आया नगर की हर गली-मोहल्लौ मैं गंन्दगी फैली है तथा नगर मैं गिने चुने जगहौ पर पेशाब धर बने हैं उनकी भी सफाई व्यवस्था नहीं होती है , जब कि विजयपुर नगर के हृदय स्थल गांधी चोक पर बने शौचालय की सफाई व्यवस्था भी नही हो पाती है अनेकों बार इस शौचालय की सफाई व्यवस्था के बारे मैं नगर परिषद सीएमओ , अध्यक्ष को अबगत कराया गया पर आज तक नगर परिषद के मुखियाओं ने सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया है जबकि नगर परिषद के आधे से जादा पार्षद गांधी चोक पर बने शौचालय में शौच करने जाते हैं,पर सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं देते हैं ,तथा सैकड़ों बार नगर की सफाई व्यवस्था ब शौचालयों की सफाई व्यवस्था पर समाचारपत्रों में समाचार प्रकाशित हुये है,अब देखना यह है कि स्थानीय प्रसाशन ब जिला प्रशासन इस ओर ध्यान देकर नगर की गली मोहल्लों ब शौचालयों की सफाई व्यवस्था पर कार्यवाही करैंगे ताकि विजयपुर बासीयो को नगर मैं फैली गंन्दगी से निजात मिल जाएगी, सीएमओ प्रदीप कुमार शर्मा का कहना है कि मैं सफाई जमादार से बात कर के ब्यबस्था सफाई की कराया हूं।

# रोजगार सहायक पर फर्जी पेंशन घोटाले का आरोप

**नवभारत न्यूज**

**विजयपुर, 11 जनवरी।** जिले के विजयपुर जनपद क्षेत्र में कन्या अभिभावक पेंशन योजना के अंतर्गत फर्जी तरीके से पेंशन स्वीकृत कराए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम बांगरोद निवासी अमर सिंह शाक्य ने जनपद के एक रोजगार सहायक पर आरोप लगाते हुए कलेक्टर श्योपुर को लिखित शिकायत देकर निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**कलेक्टर से जांच की मांग**

शिकायतकर्ता अमर सिंह शाक्य के अनुसार, रोजगार सहायक पिस्ता रावत द्वारा उनकी पुत्री के नाम पर कन्या अभिभावक पेंशन योजना के अंतर्गत 500 प्रतिमाह की पेंशन 01 अप्रैल 2017 से फर्जी तरीके से चालू कराई गई। यह राशि पंजाब नेशनल बैंक विजयपुर स्थित खाते क्रमांक 27640001007668 में नियमित रूप से आती रही, जिसकी जानकारी शिकायतकर्ता को बाद में बैंक स्टेटमेंट के माध्यम से हुई। अमर सिंह का आरोप है कि पेंशन स्वीकृति के लिए आवश्यक दस्तावेजों एवं हस्ताक्षरों में हेराफेरी की गई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि संबंधित आवेदन पर उनके हस्ताक्षर नहीं हैं, बल्कि फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं। यह मामला केवल आर्थिक अनियमितता नहीं, बल्कि सरकारी योजना के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार का गंभीर उदाहरण है। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस मामले को लेकर वे अब तक कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। 04 मार्च 2025 को जनपद पंचायत विजयपुर, 01 अप्रैल 2025 को बीरपुर, 06 मई 2025 को जनसुनवाई श्योपुर, 15 जुलाई 2025 को पुन: जनसुनवाई, 17 जून 2025 को पेंशन शाखा में बयान दर्ज इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि रोजगार सहायक पिस्ता रावत शिकायतकर्ता को धमकाते हुए कहता है कि 'कहीं भी शिकायत कर लो, मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते, भोपाल भी चले जाओ तो भी कुछ नहीं होगा।'

अमर सिंह शाक्य ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, फर्जी पेंशन की वसूली की जाए तथा दोषी रोजगार सहायक के विरुद्ध पद से हटाने सहित कानूनी कार्रवाई की जाए। इस पूरे प्रकरण ने एक बार फिर सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस गंभीर आरोप पर क्या कदम उठाता है।

बैंक स्टेट मैन्ट से साफ जाहिर होता है कि रोजगार सहायक पिस्ता रावत स्पष्ट दोषी है फिर भी कार्यवाही क्यो नही हुई । इस प्रकरण पर जनपद सीईओ आंफीसर सिंह गुर्जर से बात हुई तब उन्होंने कहा कि आपने मुझे अबगत कराया है मैं इस मैं जांच उपरांत कार्यवाही करूगा।